अति आवश्यक/आज ही
जारी हो।

राजस्थान सरकार
कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग
प्रशासनिक सुधार(ग्रु. 1)

क्रमांक 17(1)प्र.सु./1/92 जयपुर, दिनांक : 21.12.92

आदेश

विषय:- अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति ।

-0-

इस विभाग के अद्यतित परिपत्र संख्या 22(2)प्र.सु./1/83 दिनांक 11-4-90 द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे समय पर कार्यालय में उपस्थित होंगे तथा निर्धारित समय से पूर्व अपना कार्य स्थल नहीं छोड़ेंगे । सभी अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की गई थी कि वे उपस्थिति संबंधी निर्देशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करेंगे । समसंख्यक परिपत्र दिनांक 20-1-92 द्वारा सभी शासन-सचिवों को उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिये गये थे कि वे अपने विभागों के उप सचिवों को एक-एक सप्ताह के लिये यह दायित्व सौंपें कि वे अलग अलग समय पर अपने अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर उपस्थिति की जांच करें ।

पुन: समस्त शासन सचिवों एवं विभागाध्यक्षों का ध्यान इन निर्देशों की ओर आकर्षित करते हुये अनुरोध है कि कोई भी अधिकारी/कर्मचारी कार्यालय समय में अपना स्थान न छोड़े तथा राज्य कार्य तीव्रता से संपादित करें । प्रत्येक कर्मचारी/अधिकारी ठीक 10.00 बजे(प्रात: कार्यालय में उपस्थित हो जाय तथा सायं 5 बजे से पूर्व बिना अनुमति सीट न छोड़े । 10.10 बजे तक उपस्थित न होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम के आगे उपस्थिति पंजिका में (x) क्रोस अंकित करें तथा जो अधिकारी/कर्मचारी भोजनकाल(लन्च समय) के अतिरिक्त चाय/पान की दुकान या इधर-उधर घूमता हुआ पाया जावे उसके विरुद्ध परिपत्र दिनांक 11-4-90 के प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाय ।

कार्यालय समय के दौरान जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों को अन्यत्र जाने पड़े, वे जाने/आने का इन्द्राज आवागमन पंजिका में अवश्य करें, जैसा कि इस विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 22(2)प्र.सु./1/81 दिनांक 5-5-90 में अंकित किया गया है ।

(टी.वी.रमणन)
मुख्य सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. सचिव, राज्यपाल, राज0 जयपुर ।
2. समस्त सलाहकार, राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर ।
3. विशिष्ठ सहायक, मुख्य सचिव ।
4. समस्त प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव ।
5. समस्त संभागीय आयुक्त/ विभागाध्यक्ष/ जिलाधीश ।
6. समस्त उप शासन सचिव ।
7. समस्त विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ शासन सचिवालय, जयपुर ।
8. रक्षी पत्रावली ।

(एम.एल.चेलानी)
उप शासन सचिव